अमर उजाला 25/01/2024

व्याख्यान में कैड्ेटों ने लिया भाग

छावनी स्थित गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में उपस्थित विद्यार्थी। संवाद

अंबाला। छावनी स्थित गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में एनसीसी गर्ल्स विंग की ओर से व्याख्यान किया।

इस अवसर पर कैडेट्स ने चार्ट बनाए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और लड़कियों के खिलाफ भेदभाव करने वाली लैंगिक रूढ़ीवादिता को चुनौती देना है। सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य लड़कियों को अपनी पूरी क्षमता का एहसास करने के लिए आवश्यक ज्ञान, उपकरण और अवसर प्रदान करना है। व्याख्यान डॉ. रवनीत की ओर से दिया गया। इस मौके पर 46 कैडेट्स ने भाग लिया। संवाद